**प्रेस नोट**

**दिनांक 27.01.2026**

## थाना को0 नगर पुलिस द्वारा छिनैती करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से छिनैती का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 अदद अपाचे मोटरसाईकिल बरामद–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–91/26, धारा 304(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों–01. आदर्श पाण्डेय उर्फ आकाश पुत्र विनोद पाण्डेय, निवासी न्यू इन्दीरा कॉलोनी गरीबीपुरवा, चौकी सोनी गुमटी, थाना को0 नगर जनपद गोण्डा, 02. अभय उपाध्याय पुत्र स्व0 अनील कुमार उपाध्याय, निवासी बुढ़ेदेवर गरीबीपुरवा, थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को राधेपुरवा से चांदमारी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छिनैती का 01 अदद रेडमी मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 अदद अपाचे मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

प्रार्थिनी श्रेया श्रीवास्तव पुत्री सुरजीत श्रीवास्तव निवासी धरकन पुरवा छावनी सरकार थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 26.01.2026 को समय करीब 16:20 बजे जेल रोड से घर जाते समय प्राथमिक विद्यालय छावनी सरकार के पास बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्रार्थिनी के हाथ से रेडमी ब्लैक रंग का मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए है। वादिनी की तहरीर पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसमें आज दिनांक 27.01.2026 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा इलेक्ट्रानिक/मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने के 02 आरोपी अभियुक्तों–01. आदर्श पाण्डेय उर्फ आकाश पुत्र विनोद पाण्डेय, 02. अभय उपाध्याय को राधेपुरवा से चांदमारी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छिनैती का 01 अदद रेडमी मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 अदद अपाचे मोटरसाईकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

01. आदर्श पाण्डेय उर्फ आकाश पुत्र विनोद पाण्डेय, निवासी न्यू इन्दीरा कॉलोनी गरीबीपुरवा, चौकी सोनी गुमटी, थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।
02. अभय उपाध्याय पुत्र स्व0 अनील कुमार उपाध्याय, निवासी बुढ़ेदेवर गरीबीपुरवा, थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**अनावरित अभियोग–**

01. मु0अ0सं0– 91/2026 धारा 304(2),317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी–**

01. 01 अदद रेडमी मोबाइल
02. घटना में प्रयुक्त 01 अदद अपाचे मोटरसाईकिल।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**

01. उ0नि0 शुभांशु पाठक
02. हे0कां0 कमलेश पाण्डेय
03. कां0 विमल सिंह

**मीडिया सेल, गोण्डा**